# षोडश बिहार विधान सभा

## पंचम सत्र

## दैनिक विवरणिका

संख्या-10

बुधवार, दिनांक- 15 मार्च, 2017 ई० ।

**माननीय अध्यक्ष श्री विजय कुमार चौधरी की अध्यक्षता में सभा की कार्यवाही प्रारंभ हुई ।**

**समय : 11.00 बजे पूर्वाह्न से 12.18 बजे अप० तक ।**

**[1] प्रश्नोत्तर काल :-**

(i) 31 तारांकित प्रश्न उत्तरित ।
(ii) 01 तारांकित प्रश्न संख्या-1583 जल संसाधन विभाग में स्थानान्तरित ।
(iii) 01 तारांकित प्रश्न संख्या-1585 ग्रामीण कार्य विभाग में स्थानान्तरित ।
(iv) 14 तारांकित प्रश्न अपृष्ठ ।
(v) 183 तारांकित प्रश्न अनागत ।

**[2] कार्य स्थगन :-**

माननीय सदस्य श्री तार किशोर प्रसाद, श्री विजय कुमार खेमका, श्री राणा रणधीर, श्री संजय सरावगी, श्री श्याम बाबू प्रसाद यादव, श्री सचीन्द्र प्रसाद सिंह एवं श्री विजय कुमार सिन्हा से प्राप्त कार्य स्थगन सूचना के नियमानुकूल नहीं रहने के कारण आसन द्वारा अमान्य किए जाने की घोषणा की गई ।

**[3] शून्यकाल :-**

शून्यकाल की सूचनान्तर्गत निम्नांकित माननीय सदस्यों द्वारा राज्य की विभिन्न समस्याओं की ओर सरकार का ध्यान आकृष्ट कराया गया :-

(i) श्री समीर कुमार महासेठ
(ii) श्री ललन पासवान
(iii) श्री आनन्द शंकर सिंह
(iv) श्री श्याम बाबू प्रसाद यादव
(v) श्री विनोद प्रसाद यादव
(vi) श्री वीरेन्द्र कुमार सिन्हा
(vii) श्री सत्यदेव राम
(viii) श्री संजय कुमार तिवारी
(ix) श्री सचीन्द्र प्रसाद सिंह

**[4] ध्यानाकर्षण सूचनाएँ :-**

(i) माननीय सदस्य अभय कुमार सिन्हा एवं अन्य सभासदों का शिक्षा विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना को माननीय सदस्य श्री अभय कुमार सिन्हा द्वारा पढ़ा गया तथा माननीय प्रभारी मंत्री, शिक्षा विभाग, श्री अशोक चौधरी द्वारा उत्तर दिया गया ।

(ii) माननीय सदस्य श्री महबूब आलम एवं अन्य सभासदों का ग्रामीण विकास विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना को माननीय सदस्य श्री महबूब आलम द्वारा पढ़ा गया एवं माननीय प्रभारी मंत्री ग्रामीण विकास विभाग, श्री श्रवण कुमार द्वारा उत्तर दिया गया ।

इस दौरान विपक्ष के माननीय सदस्यगण शोरगुल करते हुए वेल में आ गए । आसन द्वारा माननीय नेता विरोधी दल से आग्रह करने के पश्चात् विपक्ष के माननीय सदस्यगण अपनी-अपनी सीट पर वापस आ गए ।

[5] अन्य चर्चा :-

माननीय नेता, विरोधी दल, श्री प्रेम कुमार द्वारा बक्सर जिला में बिजली विभाग के कार्यपालक अभियंता द्वारा उपभोक्ताओं से किए गए दुर्व्यवहार का मामला उठाया गया जिस पर आसन द्वारा सरकार को संज्ञान लेने का निदेश दिया गया ।

तत्पश्चात् सभा की कार्यवाही भोजनावकाश तक के लिए स्थगित हुई ।

**भोजनावकाश के बाद**

(02.00 बजे अप० से 05.05 बजे अप० तक)

(माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया ।)

[6] वित्तीय कार्य :- वित्तीय वर्ष 2017-2018 के वार्षिक वित्तीय विवरण में सम्मिलित अनुदानों की मांगों [खंड-06 (सहकारिता विभाग, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, उद्योग विभाग तथा विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग)] पर वाद-विवाद तथा मतदान

सहकारिता विभाग के माननीय प्रभारी मंत्री श्री आलोक कुमार मेहता द्वारा विभाग से संबंधित अनुदान की माँग का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया । माननीय सदस्य श्री अरूण कुमार सिन्हा द्वारा अनुदान की माँग पर कटौती का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया तथा पक्ष रखा गया । अनुदान की माँग एवं कटौती प्रस्ताव पर निम्नांकित माननीय सदस्यों ने भाग लिया :-

(i) श्री प्रह्लाद यादव

(माननीय अध्यासी सदस्य श्री नरेन्द्र नारायण यादव ने आसन ग्रहण किया ।)

(ii) श्री निरंजन कुमार मेहता
(iii) श्री विजय कुमार सिन्हा
(iv) श्री रामदेव राय
(v) श्री अत्री मुनी उर्फ शक्ति सिंह यादव
(vi) श्री जितेन्द्र कुमार
(vii) श्री विद्या सागर केशरी
(viii) श्री सुदामा प्रसाद
(ix) श्रीमती बेबी कुमारी
(x) श्री राजु तिवारी
(xi) श्री ललन पासवान

(माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया ।)

(xii) श्री राणा रणधीर

तत्पश्चात् सरकार की ओर से वाद-विवाद का उत्तर माननीय प्रभारी मंत्री सहकारिता विभाग, श्री आलोक कुमार मेहता द्वारा विस्तारपूर्वक दिया गया ।

सरकार के उत्तर से असंतुष्ट होकर विपक्ष के माननीय सदस्यगण सदन से बहिर्गमन कर गए ।

तत्पश्चात् माननीय सदस्य श्री अरूण कुमार सिन्हा का कटौती प्रस्ताव सदन से अस्वीकृत हुआ तथा सहकारिता विभाग के संबंध में अनुदान की माँग का मूल प्रस्ताव सदन से स्वीकृत हुआ ।

[7] निवेदन :-

आसन से घोषणा की गयी कि आज के लिए स्वीकृत कुल-35 निवेदनों को सदन की सहमति से संबंधित विभागों को भेज दिए जायेंगे ।

तदुपरांत सभा की बैठक वृहस्पतिवार, दिनांक-16 मार्च, 2017 के 11.00 बजे पूर्वाह्न तक के लिए स्थगित हुई ।

पटना
दिनांक-15.03.2017

राम श्रेष्ठ राय
सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।